## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले एनसीसी के ग्रुप के कमांडेट

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में एनसीसी ग्रुप कमांडेंट ब्रिगेडियर आरके सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इधर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कर्नल पीके झा सैनिक कल्याण निदेशालय, रांची ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने सशस्त्र सेना झंडा दिवस का बैज लगाया।

### नगर आयुक्त ने सीएम से की मुलाकात

**रांची।** नगर निगम के नगर आयुक्त सह प्रशासक संदप सिंह शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड स्थित उनके आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को जीत की बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने शहर की बेहतर सफाई व्यवस्था एवं शहर को विकसित करने की नगर निगम की तैयारी की जानकारी दी।

### जमीअतुल हवारी पंचायत डोरंडा के सदर बने जफर



**रांची।** जमीअतुल हवारी पंचायत डोरंडा की बैठक शुक्रवार को पर्व सदर जनाब मोबिन की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें नए ओहदेदारों को निर्वाचित किया गया। जिसमें सदर जनाब जफर आलम, नायब सदर जनाब हाफिज इम्तियाज साहब, सेक्रेट्री जनाब मिन्हाज,ज्वाइंट सेक्रेटरी जनाब अमजद, खजांची जनाब तौफीक आलम,जनाब मुबारक को निर्वाचित किया गया।

### झारखंड केंद्रीय विवि में ऑड सत्र की परीक्षा प्रारंभ

**रांची।** झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविधालय में ऑड सत्र 2024 की परीक्षा शुक्रवार सें प्रारंभ हो गयी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. वीवी मिश्रा ने बताया कि कुलपति, प्रो. क्षिति भूषण दास के निर्देशन में पहली बार केन्द्रीय परीक्षा व्यवस्था के साथ 2439 विद्यार्थी परीक्षा देंगे, जिसमें नियमित विद्यार्थी 2167 तथा बैक पेपर में 272 विद्यार्थी हैं। बैठक में परीक्षा अधीक्षक प्रो. श्रेया भट्टाचार्या, सहायक कुलसचिव (परीक्षा) डॉ. शिवेन्द्र प्रसाद, प्रो. रवीन्द्रनाथ शर्मा, डॉ ऋषिकेश महतो, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ कोंचोक ताशी, अनुपम कुमार, संतोष कुमार रवि, रवीन्द्र कुमार, अशीष रंजन सहित परीक्षा से संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## आदिवासी युवा महोत्सव 14 से

**रांची।** आदिवासी युवा महोत्सव का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में 14 एवं 15 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आयोजन समिति का गठन किया गया है। समिति का अध्यक्ष बिपिन टोप्पो और कार्यकारी अध्यक्ष शशि पन्ना को मनोनित किया गया है। इन्होंने बताया कि इस महोत्सव में राज्य के 33 आदिवासी समुदाय एकसाथ भाग लेंगे और पारंपरिक नृत्य, पारंपरिक गान, पारंपरिक खान-पान, रॉक बैंड शो, फैशन शो, सामाजिक मुद्दों पर म्यूजिकल ड्रामा, ट्राईबल एंटरप्रेन्योर मेला सह पैनल डिसकसन, लीडरशिप डेवलोपमेन्ट प्रोग्राम, कैरियर कॉउंसलिंग इत्यादि का हिस्सा बनेंगे।

झारखण्ड के मशहूर कलाकार इसमें परफार्म करेंगे जिनमें नितेश कच्छप, एल्विन रोजारियो, दीपक तिर्की, अमन कच्छप, दीपक लोहार, साउंड ऑफ झारखंड बैंड, राजू मुर्मू एवं बैंड इत्यादि मुख्य भूमिका में दिखेंगे। इसबार आदिवासी परिधानों के साथ दो फैशन शो भी होंगे। युवा मॉडल्स के द्वारा और दूसरा बच्चों (10 साल से कम उम्र के मॉडल्स) के द्वारा मुख्य आदिवासी समुदायों से सांस्कृतिक नृत्य एवं गायन कला का प्रदर्शन करने के लिए राजधानी के विभिन्न कॉलेज के युवा टीमों को निमंत्रण दिया गया है।

## रांची में 2 करोड़ का गांजा बरामद, नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# ओड़िशा-रांची के रास्ते हो रही तस्करी 406 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पुलिस ने नशे के तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो करोड़ रुपये से अधिक कीमत के गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों का नाम धर्मवीर सिंह एवं राजेन्द्र सिह बताया जा रहा है। रांची एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार ओरमांझी इलाके से पुलिस ने चार क्विंटल से ज्यादा गांजा पकड़ा है। बरामद गांजे का बाजार मूल्य दो करोड़ रुपए है।

**ट्रक कंटेनर में भर कर ले जा रहे थे गांजे की खेप :** रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मीडिया से बात करते बताया कि उन्हें यह सूचना मिली थी कि ओड़िशा से एक ट्रक में भरकर भारी मात्रा में गांजा की खेफ रांची से होकर निकलने वाली है।

जानकारी मिलने पर सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रूरल एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृव में एक टीम का गठन कर गांजे की खेप को हर हाल में पकड़ने का दायित्व सौंपा। रूरल एसपी ने भी सिल्ली डीएसपी और ओरमांझी थानेदार अनिल तिवारी के साथ ओड़िशा से आने वाले हर रास्ते पर नाकेबंदी लगा कर बड़े वाहनों के साथ साथ ट्रकों की भी गहन तलाशी शुरू कर दी। इसी क्रम में शक के आधार पर रांची-रामगढ़ नाके पर एक ट्रक कंटेनर को रोका गया। उसमें ड्राइवर सहित दो लोग बैठे हुए थे जो पुलिस को देख कर सहम गए। हालांकि पुलिस को ट्रक कंटेनर के पीछे वाले हिस्से से कुछ भी हाथ नहीं लगा लेकिन जब ड्राइवर केबिन की गहनता से जांच की गई तो उसमें 16 प्लास्टिक बैग में भरा चार क्विंटल गांजा बरामद किया गया। गांजा बरामद करने के बाद मौके से ट्रक के चालक और उप चालक दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### गांजा सप्लायर के किंगपिन की तलाश

रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया बरामद गांजे का बाजार मूल्य लगभग दो करोड़ रूपया है। पुलिस अब गांजा तस्करी के किंगपिन की तलाश में है। उसे लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां पुलिस को मिली हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ओड़िशा से लाया जा रहा था गांजा

रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार धर्मवीर सिंह और राजेंद्र सिंह नशे के तस्करों के लिए कुरियर का काम करते हैं। बड़ी चालाकी से दोनों ड्राइवर के केबिन में चार क्विंटल गांजा छिपा कर ले जा रहे थे लेकिन सटीक सूचना पर गाजा बरामद कर लिया गया और दोनों गिरफ्तार भी कर लिए गए। सीनियर एसपी ने बताया कि गांजे की पूरी खेप ओड़िशा के संबलपुर से लाकर टॉल गेट के आगे रामगढ़ में देना था लेकिन उससे पहले ही रांची पुलिस को मिली सूचना पर गांजा बरामद कर लिया गया।

## स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यभार संभाला

## स्वास्थ्य सेवाओं को नये आयाम तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता : इरफान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं को नये आयाम तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। डॉ अंसारी शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचितों को मुफ्त इलाज मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्रालय मिलते ही स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य झारखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को नये आयामों तक पहुंचाना है। उनकी प्राथमिकतायें सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवायें बहाल करना है। हर नागरिक तक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिये स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया को तेज किया जायेगा। इसके अलावा, उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और सुविधायें प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड का स्वास्थ्य विभाग न केवल राज्य के लोगों के लिये बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जायेगा। उनका उद्देश्य है कि झारखंड के हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और राज्य का स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रेरणास्त्रोत बने।

## स्वर्णरिखा नदी के मूल स्वरूप के आंकलन के लिए ड्रोन कैमरे से फोटोग्राफी कराने का निर्देश

# राजधानी रांची के चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण को लेकर जल्द योजना बनायें : प्रधान सचिव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के सौंदर्यीकरण की कवायद शुरू कर दी गयी है ताकि राजधानीवासी गौरवान्वित महसूस करें। इस क्रम मे शुक्रवार को विभागीय प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। श्री कुमार ने जुडको के अधिकारियों को राजधानी के प्रमुख चौक चौराहों को चिन्हित कर उनके समेकित सौंदर्यीकरण के लिये खाका तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति मे यातायात के दबाव को ध्यान मे रखते हुये ही सौंदर्यीकरण की योजनायें बनायें। चौक चौराहों के सुंदरीकरण और स्वच्छता से स्थानीय निवासियों के साथ साथ बाहर से आने वाले आगतुंको पर सार्थक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने हरमू नदी के विकास को गंभीरता से लेते हुये जुडको के अधिकारियों को कई निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हरमू नदी के विकास मे अब तक जो काम हुआ है उसकी वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट जल्द उपलब्ध करायी जाये। जितने सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बने हैंएउनमे से कितने काम कर रहे है और कितने बंद है, उसका सर्वे करायी जाये। साथ ही, हरमू नदी के दोनो किनारों पर अतिक्रमण का रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। यह भी कहा कि हरमू नदी में कहां कहां नालों का गंदा पानी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने नदी के किनारों को चौड़ा करने के लिए योजना बनाने का आदेश दिया।

समीक्षा के दौरान रांची की प्रमुख नदी स्वर्णरिखा के सौंदर्यीकरण और विकास पर चर्चा हुई। निर्देश दिया कि स्वर्णरिखा नदी की वास्तविक चौड़ाई का पता लगाने के लिये ड्रोन कैमरे का उपयोग किया जाये। इसके साथ स्वर्णरिखा नदी के किनारों पर धार्मिक कार्यों एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या क्या किया सकता है। समीक्षा बैठक में नगर विकास विभाग के अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, जुडको के पीडीटीए गोपालजी, जीएम विनय कुमार राय, विनय कुमार, डीजीएम आलोक मंडल और डीजीएम विमल टोप्पो उपस्थित थे।

## स्वच्छता कॉरपोरेशन दो दिनों से 14 वार्डों में कर रहा सफाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी की बेहतर सफाई के लिये रांची नगर निगम ने एक बार फिर से निजी कंपनी स्वच्छता कॉरपोरेशन को सफाई की जिम्मेदारी सौंपी है। कंपनी को वर्तमान में 14 वार्ड क्षेत्रों की सफाई का कार्य दिया गया है। नगर निगम ने कंपनी को शहर के वार्ड 53 में से एक तिहाई हिस्से में सफाई की जिम्मेदारी सौंपी है। कंपनी अभी दो दिन से शहर के 14 वार्ड क्षेत्रों में साफ सफाई समेत डोर टू डोर कचरा उठाव का कार्य आरंभ किया है। कंपनी के कार्य की गुणवत्ता देख कर नगर निगम इन्हें पूरे वार्ड 53 वार्ड क्षेत्रों में साफ सफाई की जिम्मेदारी सौंपेगी।

### घरों में आरएफआईडी चिप लगा रही कंपनी

कंपनी गुरुवार व शुक्रवार को वार्ड 37 से 44 एवं वार्ड 48 से 53 वार्ड क्षेत्रों में साफ-सफाई का कार्य अपने सफाईकर्मियों के सहयोग से कर रही है। कंपनी को अगले तीन माह में सारे 53 वार्ड क्षेत्रों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी की कमान नगर निगम की ओर से सौंपी जायेगी। मालूम हो कि कंपनी की ओर से सफाई के कार्य के लिये आरएफआईडी चिप भी घर-घर में लगाये जा रहे हैं। ताकि कंपनी के सफाई कार्य भलीभांति हो रही है या नहीं इसकी जानकारी मिल सके।

## कांग्रेस भवन में मनायी गयी डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि कांग्रेस भवन रांची में मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

बाबा साहब के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में लोकतंत्र को स्थापित करने में संविधान की मुख्य भूमिका है। संविधान का निर्माण बाबा साहब के प्रयासों से संभव हो सका, जिसकी सराहना आज भी विश्व समुदाय करता है। देशवासियों के अधिकारों एवं कर्तव्य तथा शासन प्रणाली के संचालन की विस्तृत व्याख्या संविधान में की गई है, जिसके कारण भारत की एकता और अखंडता आज भी अक्षुण्ण है। कार्यक्रम में राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, राजन वर्मा, जगदीश साहू, सुरेन राम, केदार पासवान, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, प्रभात कुमार, शाहिद अहमद, पार्वती सिंह, नवीन सिंह, संगीता टोप्पो,कंचन चौधरी, फिरोज रिजवी मुन्ना, नेली नाथन, राजीव रंजन राजू उपस्थित थे।

# पहाड़ी मंदिर में पुजारी बनने के लिए देना होगा इंटरव्यू, सुविधाएं बढ़ाने का निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में पहाड़ी मंदिर के संचालन एवं अन्य मुद्दों को लेकर बैठक शुक्रवार को हुई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर उत्कर्ष कुमार, कोषाध्यक्ष, रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति श्री कृष्ण कन्हैया एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक में समिति द्वारा पूर्व की भांति मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त कर दान पत्र खोले जाने का निर्णय लिया गया। बायोमेट्रिक मशीन एवं बैटरी चलित वाहन खरीदने और इंटरव्यू कर पुजारी की नियुक्ति का निर्णय समिति ने लिया है। सफाई एवं सुरक्षा एजेंसी के अवधि विस्तार पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा पूर्व की भांति अवधि विस्तार का निर्णय लिया गया।

उपायुक्त ने कहा के मंदिर समिति इस बात का विशेष ध्यान रखें कि साफ-सफाई के लिए चयनित एजेंसी अपना कार्य सही तरीके से करें ताकि भक्तों को परेशानी ना हो। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर में आवश्यक स्थान पर सीसीटीवी लगाने और मंदिर के पीछे की ओर नियमित अंतराल पर पुलिस गश्ती करा पर भी समिति में सहमति प्रदान की गई। अन्य एजेंडों पर भी उपायुक्त द्वारा उचित और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## पलामू और गढ़वा सहित कई भागों में बारिश के आसार, बढ़ेगी ठिठुरन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विभाग ने राज्य के कुछ इलाकों में बारिश की संभावना जताई है। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट आ सकती है। इससे लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। जैसे-जैसे साल खत्म हो रहा है, झारखंड में तापमान भी गिर रहा है और ठंड बढ़ रही है। शुक्रवार को लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा। मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार को मौसम सामान्य रहेगा। तापमान में 2 से 3 डिग्री से. की गिरावट दर्ज हुई है।

झारखंड के कुछ इलाकों में 8 दिसंबर से बारिश हो सकती है। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक, 8 दिसंबर यानी रविवार से उत्तर-पश्चिमी झारखंड और इसके आसपास के इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। 9 दिसंबर को भी बारिश जारी रहेगी। हालांकि 10 दिसंबर से आसमान साफ होने की उम्मीद है। पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा और रांची में बारिश की संभावना है।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो झारखंड में मौसम सामान्य रहा। रांची का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान 27 डिग्री रहा। वहीं, सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 33 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, सबसे कम तापमान गढ़वा में 9.5 डिग्री रहा। इस लिहाज से पिछले 24 घंटे में झारखंड में गढ़वा सबसे ठंडा रहा।

# डिजिटल युग में बच्चों की सुरक्षा आज की सबसे बड़ी चुनौती : विकास कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था झारखंड सरकार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को बाल कल्याण संघ एवं चिल्ड्रेन ऑफ इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विकास कुमार ने कहा कि डिजिटल युग में बच्चों की सुरक्षा आज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने ऑनलाइन शोषण के बढ़ते मामलों को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि सरकार और समाज को मिलकर इस समस्या का समाधान खोजना होगा। कार्यशाला में विकास दोदराजका सदस्य झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार और आयोग के स्तर में हम बेहतर करने का काम कर रहे हैं। साथ ही हमें ध्यान देना होगा कि बच्चों के बायोलॉजिकल परिवर्तनों जैसे संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करनी होगी। यदि हम ऐसे मुद्दों पर संवाद करने से बचते हैं, तो बच्चे अपने सवालों और जिज्ञासाओं के लिए अज्ञात या अविश्वसनीय लोगों की ओर रुख कर सकते हैं, जो उनके लिए हानिकारक साबित हो सकता है। बाल कल्याण संघ के संस्थापक संजय मिश्र ने कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए कहा कि बच्चों के शोषण के तरीके समय के साथ बदल गए हैं और अब यह ऑनलाइन माध्यम से तेजी से फैल रहा है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे डिजिटल युग के हिस्से हैं, जिन्हें मोबाइल और इंटरनेट से पूरी तरह अलग नहीं किया जा सकता। इसलिए हमें सतर्क रहकर और रणनीतिक रूप से इस समस्या से निपटना होगा अभिभावकों और बच्चों से अपील की कि अगर कोई बच्चा इस तरह की स्थिति में फंसे, तो वह तुरंत अपने अभिभावक या मित्र से साझा करे और शर्म महसूस न करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की जागरूकता और विश्वास ही उन्हें इस तरह के खतरों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्य मौजूद थे।

# कटकमदाग में उदय साव के परिजनों से मिले कांग्रेस के नेता, अपराधियों की गिरफ्तारी का दिया आश्वासन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हजारीबाग के कटकमदाग में पिछले दिनों उदय साव की हत्या अपराधियों द्वारा कर दी गई थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में एक दल ने मृतक के परिवारजनों से मिलकर शोक संतृप्त परिवार जनों को ढाढस बंधाया और उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द होगी तथा उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार अपराध पर लगाम लगाने हेतु कृत संकल्प है तथा राज्य में अपराधियों के मनोबल को तोड़ने के लिए सरकार हर स्तर पर कार्रवाई करेगी।

नेताओं के दल में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू, प्रदीप बालमुचू, पूर्व विधायक सुश्री अंबा प्रसाद, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता रियाज अंसारी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव शामिल थे।

**डीजीपी से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल :** इधर मृतक के परिजनों से मिलने के बाद शुक्रवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के पुलिस महानिदेशक से मिलकर घटना की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की तथा अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी पर बल दिया।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पुलिस महानिदेशक के समक्ष पूरे राज्य की विधि व्यवस्था का गंभीरता एवं सूक्ष्मता से विवेचना करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराध छोटा हो या बड़ा अपराधी कोई भी हो उसे सजा मिलनी चाहिए। अपराधी को सजा दिलाने के लिए समयबद्ध कार्रवाई करने की आवश्यकता है। राज्य की विधि व्यवस्था को पटरी पर रखने के लिए छोटी से छोटी घटना पर भी त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए ताकि अपराधियों के हौसले पस्त हो।

पुलिस महानिदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को आशवस्त करते हुए कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द होगी तथा राज्य में अपराधों पर लगाम लगाने की कार्रवाई की जा रही है। किसी भी हाल में अपराधियों को बख्सा नहीं जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से केशव महतो कमलेश,डॉ रामेश्वर उरांव,धीरज प्रसाद साहू, प्रदीप कुमार बालमुचू,जयशंकर पाठक,सतीश पॉल मुंजनी, रियाज अंसारी, अंबा प्रसाद शामिल थे।

